खाटू का राजा आया मेरा बाबा घर आया श्री श्याम जी

खाटू का राजा आया,
राजा महाराजा आया,
नीले पे चढ़के आया हो,
दर्शन दिखाने आया,
भक्तों के मन को भाया,
बाबा मेरा घर आया हो,
मेरा बाबा घर आया श्री श्याम जी,
मेरा बाबा घर आया श्री श्याम जी।bd।

तर्ज – मेरा पिया घर आया।

हारे का ये है सहारा,
जाने ये जग है सारा,
जो हारा सारे जग से,
उसको दिया सहारा,
दीवाना मैं दीवाना,
बाबा का मैं दीवाना,
मेरा है यार बाबा,
मेरा दिलदार बाबा,
मेरा ना कोई अपना,
मेरा है सब कुछ बाबा,
मेरा सब कुछ मेरा बाबा,
मेरा सब कुछ मेरा बाबा,
मेरा बाबा घर आया श्री श्याम जी,
मेरा बाबा घर आया श्री श्याम जी।bd।

खाटू में इनकी नगरीया,
जहाँ बैठा हैं सांवरिया,
जो जाता इनके दर पे,
लम्बी हो उसकी उमरिया,
मेरी पतवार बाबा,
तू पालनहार बाबा,
है नैया बीच भवर में,
लगा दो पार बाबा,
'देवल' के मन को भाया,
बाबा ने ये लिखवाया,
बाबा मेरा घर आया हो,
मेरा बाबा घर आया श्री श्याम जी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

खाटू का राजा आया,
राजा महाराजा आया,
नीले पे चढ़के आया हो,
दर्शन दिखाने आया,
भक्तों के मन को भाया,
बाबा मेरा घर आया हो,
मेरा बाबा घर आया श्री श्याम जी,
मेरा बाबा घर आया श्री श्याम जी।bd।

Singer – Deval Kher

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com